ई. मेल :- dforudraprayag@gmail. Com
फोन/ फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाड़ी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक 790 / 12(2) दिनांक 10 9 – /2015::

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड,
पौड़ी।

विषय :– **पुलिस रिपोर्टिंग चौकी माई की मढ़ी के भवनों के निर्माण हेतु जाखणी क0सं0–6 अ Proposal No- FP/UK/Others/6951/2014 में लगी आपत्तियों के संबंध में।**

सन्दर्भ :– **आपका पत्रांक–7991 / 12–1 दिनांक 22.08.2015।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के द्वारा लगाई गई आपत्तियों के निराकरण हेतु अधोहस्ताक्षरी उप प्रभागीय वनाधिकारी जखोली, वन क्षेत्राधिकारी दक्षिणी जखोली तथा उप निरीक्षक थाना जखोली द्वारा मौका मुआयना किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि पुलिस विभाग द्वारा जो वन भूमि हस्तान्तरण का 0.26 है0 प्रस्ताव दिया गया है, उसमें जो 44 पेड आ रहे हैं वह उस भूमि की परिधि में आते हैं। जिस स्थान पर पुलिस विभाग की चौकी बननी है उस जगह पर पेड/वृक्ष नहीं आ रहे हैं, तथा चौकी निर्माण में किसी भी वृक्ष का पातन नहीं होना है। उक्त आशय की पुष्टि हेतु स्थल के छायाचित्र तथा पुलिस अधीक्षक, रुद्रप्रयाग को पेडों को न काटने का प्रमाण पत्र अवलोकनार्थ संलग्न है।

अतः प्रकरण में लगाई गई आपत्तियों को निरस्त करने का कष्ट करें।

**संलग्न :–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय
10/9
उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

परियोजना का नामः- जनपद रुद्रयाग की रिपोंटिंग पुलिस चौकी माई की मढी के निर्माण हेतु स्थान जखोली तहसील जखोली जनपद रुद्रप्रयाग के जाखणी क0 स0 06 अ में रकवा 0.260 है0 अथार्त् 13 नाली वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव विषयक।

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त परियोजना के निर्माण हेतु स्वीकृत कुल रकवा 0.260 है0 वन भूमि में 44 विभिन्न प्रजाति के वृक्ष उपलब्ध है, सभी वृक्ष परियोजना निर्माण की परिधि से दूर हैं जिसके फलस्वरुप परियोजना निर्माण से कोई वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे हैं परियोजना निर्माण के अतिरिक्त उपलब्ध भूमि को सभी उपलब्ध वृक्षों का बिना पातन किये ही पुलिस चौकी के लावारिश वाहनों / मुकदमे से सम्बन्धित वाहनों तथा अन्य निष्प्रयोज्य वाहनों आदि उपकरणों को सुरक्षित पार्क किये जाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से 01 सुरक्षित परिसर निर्मित किये जाने में प्रयोग किया जाना प्रस्तावित है। इस सन्दर्भ में पूर्व में कार्यालय के पत्र संख्या भ-15/2008 दिनांकित 31-03-2015 के द्वारा भी परियोजना निर्माण के प्रस्ताव में तदनुसार प्रमाण पत्र / लिखित आश्वासन पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है जो पुनः आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है।

संलग्नः- यथोक्त।

10/9/15

पुलिस अधीक्षक
रुद्रप्रयाग।

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जनपद रूद्रप्रयाग।

पत्रांक: म–15/2008 दिनांक: मार्च 31 ,2015

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

विषय:– जनपद रूद्रप्रयाग के स्थान जखोली मे प्रस्तावित पुलिस चौकी माई की मढी के भवन निर्माण हेतु 0.260 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी कार्यो हेतु पुलिस विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भ:– आपका ऑनलाईन पत्र संख्या 2722/FP/UK/OTHERS/6951/2014 दिनांक 27–03–2015

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक/संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा पुलिस चौकी माई की मढी के आवासीय/अनावासीय भवनो के निर्माण हेतु 0.260 हे0 वन भूमि प्रत्यावर्तन सम्बन्धी ऑनलाईन प्रस्ताव में कार्यालय भवन हेतु याचित वन भूमि का माप (Dimension) का उल्लेख किये जाने एवं याचित भूमि की माप स्पष्ट करते हुये प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः उक्त सम्बन्ध में अपेक्षित आख्या निम्नवत् सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है :–

1. प्रश्नगत परियोजना के अर्न्तगत पुलिस चौकी के **प्रशासनिक भवन एवं अन्य कार्यालयी भवनो आदि के निर्माण हेतु 287.36 वर्गमीटर भूमि** जैसा कि **संलग्न ले आऊट प्लान** में दर्शाया गया है, प्रयुक्त की जानी है।


2. उक्त के अतिरिक्त शेष **2352.64 वर्ग मीटर भूमि** प्रश्नगत पुलिस चौकी के **लावारिस वाहनो/मुकदमे से सम्बन्धित वाहनो तथा अन्य निष्प्रयोज्य** वाहन आदि उपकरणों **को सुरक्षित पार्क** किये जाने के साथ–साथ सुरक्षा **की दृष्टि से एक सुरक्षित** परिसर निर्मित किये जाने मे प्रयोग किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उक्त सम्बन्ध में संशोधित ले आउट प्लान, परिमाप(Dimension) का उल्लेख सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि प्रस्ताव पर अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

संलग्न: यथोपरि।

पुलिस अधीक्षक,
रूद्रप्रयाग।

प्रतिलिपि:– वन संरक्षक, गढवाल वृत्त पौडी को उक्त संदर्भ मे सूचनार्थ।
2– प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग रूद्रप्रयाग को उक्त संदर्भ मे सूचनार्थ।


LAY OUT PLAN FOR CONSTRUCTION OF

